Title: Need to distribute the land among the farmers of Shri Ganganagar on Indo-Pak border area in lieu of their land covered in barbed-wire fencing.

श्री निहाल चंद चौहान (श्री गंगानगर) : अध्यक्ष जी, मैं उस क्षेत्र से आता हूं जो भारत-पाक सीमा पर स्थित है। श्री गंगानगर में किसानों की भूमि जो कंटीले तारों में आई हुई है उस भूमि का सर्वे नहीं हुआ है। जब किसान अपनी फसल बोता है या काटता है तो बी.एस.एफ. के लोग किसानों को तंग करते हैं जिससे वहां पर किसान अपनी फसल न तो बो सकता है न सिंचाई कर सकता है और न ही काट सकता है। इसलिए सरकार के मेरी प्रार्थना है कि किसान की जो भूमि कंटीले तारों में आई हुई है उसका सर्वे कराकर उसका एस्टीमेट बनाया जाये या बदले में किसानों को भूमि दी जाये।